आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी 18 हज़ार 9 सौ 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सह–स्कूलों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा, पोषण और देखभाल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 14 हज़ार 4 सौ 64 विद्यालयों में किचन गार्डन भी विकसित किए जाएंगे।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग व संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि 18 मार्च से प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र फिर से आरंभ होगा। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 20 मार्च को वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार पशुधन की गुणवत्ता सुधारने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों से भैंस का दूध 61 रूपए और गाय का दूध 51 रूपए प्रतिलीटर की दर से खरीद रही है। इसके अलावा ऑर्गेनिक गोबर खाद 3 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है जिससे प्राकृतिक खेती और पशु पालन को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि मंत्री ने आज ज्वाली में आयोजित एक दिवसीय पशु पालक जागरूकता व संवाद शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किसानों और पशु पालकों को वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध करवाई।

मुलाकात

हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची पंजाब विधानसभा की आश्वासन समिति ने आज विधानसभा सचिवालय शिमला में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल और पंजाब का पुराना नाता है और एक समय पंजाब विधानसभा के सत्र भी इसी सदन में आयोजित किए जाते थे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ई–विधान प्रणाली अपनाने वाला देश का पहला राज्य था जिसका अनुसरण देश के 22 राज्य कर रहे हैं।

होली

देश सहित प्रदेश में रंगों का त्योहार होली कल मनाया जाएगा जबकि कुल्लू में होली उत्सव आज पारम्परिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गौरतलब है कि कुल्लू में बसंत पर्व के दिन से ही होली की शुरूआत हो जाती है और लगातार 40 दिनों तक प्रतिदिन शाम के समय भगवान रघुनाथ जी पर गुलाल चढ़ाया जाता है।

इधर राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकतर बाज़ारों में होली पर्व को लेकर रौनक देखी जा रही है। इस बार लोग हर्बल रंगों की अधिक खरीददारी कर रहे हैं। सिरमौर ज़िले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित करीब 2 सौ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 15 क्विंटल हर्बल रंग तैयार किए हैं, जिसमें से 10 क्विंटल हर्बल रंग की बिक्री की जा चुकी है।

सर्पदंश

प्रदेश सरकार ने सर्पदंश को अधिसूचित रोग घोषित कर दिया है। इस निर्णय से राज्य में सांप के काटने की हर घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञ व सर्पदंश विषाक्तता की रोकथाम व नियंत्रण के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्य पदमश्री डॉक्टर ओमेश भारती ने इस फैसले को अत्यंत महत्वपूर्ण व सार्थक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सर्पदंश के मामलों की प्रभावी निगरानी और संवदेनशील क्षेत्रों के मानचित्रण में मदद मिलेगी, और समय रहते पीड़ितों की जान बचाई जा सकेगी। डॉक्टर ओमेश भारती ने बताया कि सरकार की इस पहल से प्रदेश के सभी अस्पतालों में एंटी–वेनम की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

अग्निवीर भर्ती

अग्निवीर योजना के तहत मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिलों के अभ्यर्थी जिन्होंने 2025 की लिखित परीक्षा उतीर्ण की थी जिनके लिए भर्ती रैली 22 से 30 मार्च तक मंडी जिला के पंडोह में आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने बताया कि लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड अधिकारिक वैब साइट पर जारी कर दिए गए हैं।